करले भरोसा श्याम प्रभु का,
ये ही साथ निभाएगा,
बंद मिलेंगे सब दरवाजे,
वक़्त बुरा जब आएगा,
कर लें भरोसा श्याम प्रभु का,
ये ही साथ निभाएगा।।

तर्ज – कस्मे वादे प्यार वफ़ा।

यह दुनिया है माया नगरी,
देकर लोभ फसाएगी,
बाण सुरीले शब्दों के ये,
तुझ पर खूब चलाएगी,
कर देगी माया का दीवाना,
कैसे तू बच पाएगा,
कर लें भरोसा श्याम प्रभु का,
ये ही साथ निभाएगा।।

सूझे ना जब राह डगर की,
श्याम का ध्यान लगा लेना,
देर भले अंधेर नहीं है,
ये विश्वाश जगा लेना,
ना जाने किस रूप में आके,
तेरा काम बनाएगा,
कर लें भरोसा श्याम प्रभु का,

ये ही साथ निभाएगा।।

साफ हृदय से होके समर्पित,
श्याम के सेवक बन जाओ,
नाम के तेरी जग दे मिसाले,
ऐसे प्रेमी कहलाओ,
सच्चे प्रेमी को ये माधव,
खुद ही गले लगाएगा,
कर लें भरोसा श्याम प्रभु का,
ये ही साथ निभाएगा।।

करले भरोसा श्याम प्रभु का,
ये ही साथ निभाएगा,
बंद मिलेंगे सब दरवाजे,
वक़्त बुरा जब आएगा,
कर लें भरोसा श्याम प्रभु का,
ये ही साथ निभाएगा।।

Singer Sauravh Sidhart

Source: https://www.bharattemples.com/kar-le-bharosa-shyam-prabhu-ka/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw